Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

श्री शाहबाज़ अहमद, भा.व.से., मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र. भोपाल का पन्ना टाइगर रिज़र्व में प्रवास

——0——

श्री शाहबाज़ अहमद, भा.व.से., प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. भोपाल का दिनांक 09.08.2018 से 11.08.2018 तक पन्ना टाइगर रिजर्व में 03 दिवसीय प्रवास सम्पन्न हुआ। प्रवास के दौरान मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था, पेट्रोलिंग व्यवस्था व पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा कराये गये कार्यो का निरीक्षण किया गया। पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा घास मैदान के प्रबन्धन, गुरुत्व के आधार पर इमलिया सेहा से चपनेर नाला तक वन्यप्राणियों के लिए की गई पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा किये गये कार्य की सराहना की गई। भ्रमण व निरीक्षण के दौरान मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा तालगांव में परिक्षेत्र सहायक आवास एवं वायरलेस स्टेशनभवन तालगांव एवं लाइन क्वार्टर किशनगढ़ बफर का लोकार्पण किया गया। भ्रमण के दौरान वैकल्पिक वृक्षारोपण कूड़ापानी एवं सागौन रोपण बृजपुरा ए का निरीक्षण किया गया। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा किये गये वृक्षारोपण कार्य की सराहना की गई। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. द्वारा दिनांक 11.08.2018 को वन एवं वन्यप्राणी प्रबन्धन में 32 अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दी गई उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए रु0 1000/– नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर श्री के.एस. भदौरिया, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, सुश्री बासु कन्नौजिया उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, श्री नरेश सिंह यादव वन मण्डलाधिकारी उत्तर पन्ना, श्रीमती मीना कुमारी मिश्रा वन मण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना वन मण्डल एवं अन्य वनाधिकारी उपस्थित रहे।

''जय हिन्द''

दिनांक – 11.08.2018

क्षेत्र संचालक

पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना